# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

क्रमांक एफ –16( )दी.स. / कोविको /2018 /43833 दिनांकः– 17/03/18

..................................................

..................................................

..................................................

**विषय – पंचम् दीक्षान्त समारोह 2018 हेतु आमंत्रण पत्र।**

महोदय/महोदया,

आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि विश्वविद्यालय द्वारा पंचम् दीक्षान्त समारोह बुधवार, दिनांक 04.04.2018 को दोपहर 12:30 बजे यू.आई.टी. ऑडिटोरियम, मेडिकल कॉलेज के पास, बालाजी मार्केट, कोटा में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है। इस दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए प्रबन्ध मण्डल एवं विद्या परिषद् के सदस्यों, विभिन्न सकांय के अधिष्ठातागण तथा विभिन्न परीक्षाओं में योग्यता क्रम में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र/छात्राओं, पी.एचडी. धारकों को दीक्षान्त समारोह के समय उपस्थित होने के लिए अधिसूचना क्रमांक एफ( )दीक्षान्त–2018/कोविको/2018/9791 दिनांक 13.03.2018 को जारी की जा चुकी है।

आपको सूचित किया जाता है कि दीक्षान्त समारोह में परिनियमों के अनुसार निर्धारित पोशाक एंव बेज पहनकर कार्यक्रम में सम्मिलित होना अनिवार्य है। दीक्षान्त समारोह में सम्मिलित होने के लिए विभिन्न परीक्षाओं में योग्यता क्रम (Order of Merit) में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले एवं विद्यावाचस्पति (पीएच.डी.) धारक अभ्यर्थियो को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि दीक्षान्त समारोह के समय आपकी वेशभूषा निम्न प्रकार से रहेगीः–

**पुरूषों के लिए** : सफेद कलर का कुर्ता–पायजामा/पेन्ट–शर्ट/धोती–कुर्ता तथा काले जूते।

**महिलाओं के लिए** : सफेद साड़ी/सलवार–सूट मय विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित लाल कलर का बॉर्डर व ब्लाऊज एवं चुन्नी/दुपट्टा एवं काले सैन्डिल/स्लीपर।

आप स्नातक व स्नातकोत्तर परीक्षाओं की मूल अंकतालिकायें तथा इस आमंत्रण पत्र को सत्यापन हेतु अनिवार्य रूप से साथ लावें, ताकि पदक प्राप्त करने की पात्रता सुनिश्चित हो सके। मूल पत्रादि के सत्यापन के पश्चात् ही आपको उपाधि तथा निर्धारित पदक/योग्यता प्रमाण–पत्र दिया जायेगा। अतः आपसे आग्रह है कि नियत समय से पूर्व ही पधार कर अपनी उपस्थिति सम्बन्धित अधिकारी के समक्ष देने का कष्ट करे। गोल्ड मेडल के पात्र विद्यार्थियों को, गोल्ड मेडल उक्त निर्धारित यू.आई.टी. ऑडिटोरियम में ही प्रदान किये जायेंगे। मंगलवार, दिनांक 03.04.2018 को दोपहर 02:00 बजे पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) किया जावेगा। अतः आप दिनांक 03.04.2018 को दोपहर 01:30 बजे तक पधारने का कष्ट करें। पूर्वाभ्यास एवं दीक्षान्त समारोह में विद्यार्थी उनके लिये पूर्व निर्धारित स्थान पर ही बैठेगें। ***विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने साथ कैमरा, मोबाइल फोन साथ में नहीं लावें।*** विद्यार्थी अपने फोटोग्राफ विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित किये गये कैमरामैन से ही उचित शुल्क के भुगतान पर प्राप्त कर सकेगें।

दीक्षान्त समारोह के दिवस, दिनांक 04.04.2018 को केवल उन्हीं विद्यार्थियों को पाण्डाल में प्रवेश दिया जाएगा, जिन्होनें दिनांक 03.04.2018 के पूर्वाभ्यास में भाग लिया हो, उन्हें निर्धारित प्रवेश द्वार से निर्धारित पोशाक एंव बेज पहनकर आने पर ही दिया जावेगा। उनके अतिरिक्त किसी अन्य को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। किन्हीं अभ्यर्थियों की विशेष परिस्थिति में यदि उनके अभिभावक/माता/पिता/पति/पत्नि साथ आते हैं तो उनमें से किसी एक को विश्वविद्यालय द्वारा पाण्डाल में प्रवेश के लिए दीक्षान्त समारोह से पूर्व विश्वविद्यालय से अनुमति (संलग्न प्रपत्र पर) प्राप्त करनी होगी।

छात्रों को सहमति पत्र पर अंकित निवास स्थान (कोटा मुख्यालय के अतिरिक्त) के आधार पर विश्वविद्यालय द्वारा केवल निकटतम मार्ग का आने व जाने का सामान्य श्रेणी का रेल किराया अथवा बस का किराया ही देय होगा। दैनिक भत्ता (स्थानीय वाहन व्यय, संभाव्य व्यय एंव ठहरने का व्यय) देय नहीं होगा। रेल किराया/बस किराया प्राप्त करने के लिये संलग्न यात्रा बिल भर कर टिकिट सहित प्रस्तुत करें। यात्रा व्यय का भुगतान दीक्षान्त समारोह के पश्चात ही दिया जायेगा।

इस सन्दर्भ में किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी के लिए डॉ. राधेश्याम मीणा, अनुभागाधिकारी (परीक्षा), कोटा विश्वविद्यालय, कोटा, मोबाईल नं. 94143–00138 पर सम्पर्क स्थापित करें।

कृपया दीक्षान्त समारोह में उपस्थित होने की स्वीकृति लौटती डाक से संलग्न सहमति पत्र पर दिनांक 27.03.2018 तक 5/– रूपये का डाक टिकिट लगाकर निम्न पते पर भिजवायें:

डॉ. राधेश्याम मीणा,
अनुभागाधिकारी (परीक्षा),
कोटा विश्वविद्यालय,
महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास,
कोटा (राज.)–324005

भवदीय

**सहा. कुलसचिव (परीक्षा)**

**संलग्न :** 1. सहमति पत्र
2. अनुमति पत्र
3. यात्रा व्यय बिल

# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

**(केवल दीक्षान्त समारोह में भाग लेने वाली छात्राओं के साथ आने वाले माता/पिता के लिये अनुमति हेतु आवेदन पत्र)**

छात्रा का नाम ..........................................पिता का नाम..............................................................

माता का नाम..............................................................कक्षा/विषय..............................................

योग्यता क्रम में स्थान.................................

सहा. कुलसचिव (परीक्षा)
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

विश्वविद्यालय के दिनांक .................को आयोजित होने वाले पंचम् दीक्षान्त समारोह में कृपया मेरे साथ मेरे माता/पिता (नाम.....................................................) भी सम्मिलित होगें।

**हस्ताक्षर माता/पिता** **हस्ताक्षर छात्रा**

---

श्री/श्रीमती...................................पिता/माता/श्री/कुमारी.................................................को समारोह स्थल पर निर्धारित प्रवेश द्वार से प्रवेश की अनुमति प्रदान की जाती है।

**सहा. कुलसचिव (परीक्षा)**
कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

# सहमति पत्र

सहमति पत्र (अतिशीघ्र पांच रूपये का डाक टिकिट लगाकर प्रेषित करें)

पत्र का क्रमांक व दिनांक ........................

कक्षा / विषय ...............................................

वरीयता क्रम में स्थान ............................

परीक्षा वर्ष ...............................................

मैं............................................................................................................................................................

सुपुत्र / सुपुत्री / श्री ..............................................................................................................................

दिनांक .................को आयोजित होने वाले पंचम् दीक्षान्त समारोह हेतु नियत दिनांक व समय पर आने की सहमति प्रदान करता / करती हूं।

हस्ताक्षर (छात्र / छात्रा)

नाम : ....................................

स्थान : ...............................

पता : ....................................

दिनांक : ...........................

...............................................

---

(कृपया यहां से काटकर सहमति प. लिफाफें में रखकर निम्नलिखित पते पर भिजवायें)

5/ रू. का
डाक टिकिट
चिपकाएं

**पंचम् दीक्षान्त समारोह 2018**

मिले : डॉ. राधेश्याम मीणा
अनुभागाधिकारी (परीक्षा)
कोटा विश्वविद्यालय
महाराव भीमसिंह मार्ग
कबीर सर्किल के पास
कोटा (राज.)–324005

**प्रेषक :**

..................................................

..................................................

..................................................

# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

महाराव भीमसिंह मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा–324005

## यात्रा व्यय बिल

छात्रा का नाम ..............................................पिता का नाम..........................................................

कक्षा / विषय...................................................वर्ष..............योग्यता क्रम में स्थान........................

यात्रा कहाँ से.................................................कहाँ तक.................................................................

टिकिट नं. ........................................ यात्रा का माध्यम ..........................................................

आने का वास्तविक यात्रा व्यय रूपये..............................

आने व जाने का कुल व्यय रूपये...................................

राशि रूपये.......................प्राप्त किये।

**हस्ताक्षर छात्र / छात्रा**

हस्ताक्षर

प्रमाणितकर्ता

**नोट : निवास स्थान से कोटा तक आने तथा वापस जाने का द्वितीय श्रेणी का रेल किराया अथवा बस किराया ही देय होगा।**